BYJU'S EXAM PREP

# Daily Current Affairs 14 June 2022

# Index


- सीआईएसएसएस एप्लीकेशन
- रेलवे के लिए स्टार्टअप
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षु मेले का आयोजन
- 38वां भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्त कार्यक्रम
- 28वां संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम
- "हर घर दस्तक के दूसरे चरण" अभियान
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) - डिजिटल स्वास्थ्य में क्रांति
- खेलो इंडिया युवा खेलों का समापन

# Important News: India

## 1. सीआईएसएसएस एप्लीकेशन

**चर्चा में क्यों:**

- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा बाल स्वराज पोर्टल के तहत स्ट्रीट सिचुएशन में बच्चों के पुनर्वास प्रक्रिया में मदद करने के लिए एक "सीआईएसएस एप्लिकेशन" को लॉन्च किया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- सीआईएसएसएस, बाल स्वराज, देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों की ऑनलाइन ट्रैकिंग और डिजिटल रीयल-टाइम निगरानी तंत्र के लिए एनसीपीसीआर द्वारा इस पोर्टल को शुरू किया गया है।
- बाल स्वराज पोर्टल के दो प्रमुख कार्य हैं- COVID केयर और CiSS
- COVID केयर लिंक उन बच्चों की सेवा करता है, जिन्होंने मार्च 2020 के बाद COVID-19 या अन्यथा के कारण माता-पिता में से किसी एक को या दोनों को खो दिया है।
- सीआईएसएस एप्लिकेशन का उपयोग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सड़क की स्थितियों में बच्चों के डेटा प्राप्त करने, उनके बचाव और पुनर्वास प्रक्रिया पर नज़र रखने के लिए किया जाता है।
- सीआईएसएसएस पहल की शुरुआत भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशन में की गई है।

**स्रोत: पीआईबी**

## 2. रेलवे के लिए स्टार्टअप

**चर्चा में क्यों:**

- भारतीय रेलवे नवाचार नीति - "रेलवे के लिए स्टार्टअप" श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा शुरू किया गया था।

**प्रमुख बिंदु:**

- रेलवे के लिए स्टार्टअप नीति का उद्देश्य भारतीय स्टार्टअप्स/एमएसएमई/इनोवेटर्स/उद्यमियों द्वारा भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सुरक्षा में सुधार के लिए विकसित नवीन तकनीकों का लाभ उठाना है।
- रेलवे के लिए स्टार्टअप नीति का लक्ष्य बहुत बड़े और अप्रयुक्त स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की भागीदारी के माध्यम से संचालन, रखरखाव और बुनियादी ढांचे के निर्माण के क्षेत्रों में पैमाने और दक्षता लाना है।
- रेलवे के लिए स्टार्टअप के तहत अभी तक लगभग 160 समस्या विवरण प्राप्त हो चुके हैं। प्रारंभ में, नई नवाचार नीति के माध्यम से समस्या से निपटने हेतु 11 समस्याओं के विवरण की पहचान की गई है, जिनको पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

**स्रोत: द हिंदू**

## 3. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षु मेले का आयोजन

**चर्चा में क्यों:**

- कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा देशभर के 200 से अधिक स्थानों पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षु मेले का आयोजन किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- कार्पोरेट जगत में मैदानी प्रशिक्षण देने और रोजगार हासिल करने के मौके बढ़ाने के सम्बंध में युवाओं को अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा प्रत्येक माह प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षु मेलों का आयोजन किया जायेगा।
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षु मेले के तहत 36 से अधिक सेक्टरों से सम्बंधित एक हजार से अधिक कंपनियां द्वारा हिस्सा लिया गया तथा कंपनी में प्रशिक्षण देने के लिये प्रशिक्षुओं का चयन किया गया।
- पांचवीं से 12वीं कक्षा पास करने के प्रमाणपत्र वाले, कौशल विकास प्रमाणपत्र वाले, आईटीआई डिप्लोमाधारी या स्नातक डिग्रीधारी, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षु मेले के तहत उपलब्ध अवसरों के लिये साक्षात्कार दे सकते हैं।
- इस योजना के तहत प्रशिक्षण अवधि पूरी हो जाने पर उम्मीदवारों को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा मान्यताप्राप्त प्रशिक्षु प्रमाणपत्र भी दिया जायेगा, जिससे प्रशिक्षुओं को उद्योगों में पहचान मिल सकेगी।

स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर

# Important News: Defence

## 4. 38वां भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्त कार्यक्रम

**चर्चा में क्यों:**

- अंडमान और निकोबार कमांड (एएनसी) की भारतीय नौसेना इकाइयों और इंडोनेशियाई नौसेना के बीच 38वां भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्ती कार्यक्रम (IND-INDO CORPAT) 13 जून से 24 जून 2022 तक अंडमान सागर और मलक्का जलडमरूमध्य में आयोजित किया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- Covid महामारी के बाद यह दोनों देशों के मध्य पहली समन्वित गश्त है।
- 38वां भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्त कार्यक्रम के तहत 13 जून से 15 जून, 2022 तक पोर्ट ब्लेयर में एएनसी की इंडोनेशियाई नौसेना इकाइयों की यात्रा और उसके बाद अंडमान सागर में एक समुद्री चरण और 23 से 24 जून, 2022 तक सबांग (इंडोनेशिया) में आईएन इकाइयों की यात्रा को शामिल किया गया है।
- 38वां भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्त कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच समझ और अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना है
- 38वां भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्त कार्यक्रम का लक्ष्य अवैध गैर-रिपोर्टेड अनियमित (आईयूयू) मछली पकड़ने, नशीली दवाओं की तस्करी को रोकने और दबाने के उपायों की सुविधा प्रदान करना है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

## 5. 28वां संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम

**चर्चा में क्यों:**

- उत्तराखंड के मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा

28वें संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- राष्ट्रीय सुरक्षा की संयुक्त समझ के लिए सिविल सेवकों और सशस्त्र बलों के अधिकारियों के बीच संरचित इंटरफेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2001 में संयुक्त नागरिक-सैन्य कार्यक्रम शुरू किया गया था।
- संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रबंधन, उभरते बाहरी एवं आंतरिक सुरक्षा वातावरण और वैश्वीकरण के प्रभाव के लिए चुनौतियों से परिचित कराना है।
- संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को इस विषय पर बातचीत करने तथा विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान किया जाता है, साथ ही उन्हें नागरिक-सैन्य तालमेल की अनिवार्यता से अवगत कराया जाता है।
- संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का लक्ष्य राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत करने तथा भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए नागरिक प्रशासन एवं सशस्त्र बलों के अधिक से अधिक सहयोग को बढ़ाना है।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

# Important News: Health

## 6. "हर घर दस्तक के दूसरे चरण" अभियान

**चर्चा में क्यों:**

- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, डॉक्टर मनसुख मंडाविया द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के स्वास्थ्य मंत्रियों तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ टीकाकरण कार्यक्रम हर घर दस्तक अभियान के दूसरे चरण की वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के माध्यम से एक बैठक की अध्यक्षता की गयी।

**प्रमुख बिंदु:**

- "हर घर दस्तक के दूसरे चरण" अभियान का उद्देश्य राज्यों से स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए कोविड टीकाकरण कवरेज और बुजुर्गों के लिए एहतियाती खुराक बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना है।

- "हर घर दस्तक के दूसरे चरण" अभियान का लक्ष्य कोविड के विरुद्ध विस्तारित सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पात्र आबादी के बीच 100 प्रतिशत कवरेज को प्राप्त करना है।
- "हर घर दस्तक के दूसरे चरण" अभियान, 31 जुलाई तक जारी रहेगा जिसके तहत 60 साल से अधिक उम्र के 4.7 करोड़ लोगों को कोरोना रोधी टीके की एहतियाती खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है।

**स्रोत: पीआईबी**

## 7. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) - डिजिटल स्वास्थ्य में क्रांति

**चर्चा में क्यों:**

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) और नैसकॉम (नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज) द्वारा संयुक्त रूप से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन - डिजिटल हेल्थ में क्रांति लाने के उद्देश्य से एनएचए-नैसकॉम सम्मेलन- 2022 का आयोजन किया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- इस सम्मेलन का आयोजन हाइब्रिड (शारीरिक/आभासी) मोड में किया गया, जिसमें भारत के स्वास्थ्य सेवा व प्रौद्योगिकी क्षेत्र के 400 से अधिक हितधारकों और उद्योग द्वारा हिस्सा लिया गया।
- एनएचए- नैसकॉम सम्मेलन का उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणाली को प्रोत्साहक और निवारक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने वाली प्रणाली से आगे बढ़ने में सहायता प्रदान करना है जिसकी सहायता से भावी स्वास्थ्य पर भी ध्यान केंद्रित किया जा सके।
- एनएचए- नैसकॉम सम्मेलन का लक्ष्य विभिन्न सुविधाओं जैसे- टेली-परामर्श, ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुकिंग, आसानी से उपलब्ध स्वास्थ्य जानकारी और विशेषज्ञों तक पहुंच, आदि को प्रत्येक नागरिक तक उपलब्ध कराना है।

**स्रोत: जनसत्ता**

# Important News: Sports

## 8. खेलो इंडिया युवा खेलों का समापन

**चर्चा में क्यों:**

- हरियाणा के पंचकूला के इंद्रधनुष सभागार में खेलो इंडिया युवा खेलों का समापन किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- खेलो इंडिया युवा खेलों के तहत इस वर्ष हरियाणा के पंचकूला, अंबाला, चंडीगढ़, दिल्ली और शाहबाद में 25 श्रेणियों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- खेलो इंडिया युवा खेलों के तहत इस वर्ष हरियाणा के 528 खिलाड़ियों सहित विभिन्न राज्यों के 8500 खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न खेलों में भाग लिया गया।
- खेलो इंडिया युवा खेलों के अंक तालिका में हरियाणा 41 स्वर्ण, 35 रजत और 42 कांस्य पदक प्रथम स्थान पर रहा जिसे इस प्रतियोगिता में कुल 118 पदक मिले हैं जबकि 41 स्वर्ण, 35 रजत और 30 कांस्य पदक के साथ महाराष्ट्र इस वर्ष अंकतालिका में दूसरे स्थान पर रहा।
- 21 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य पदक के साथ कर्नाटक तीसरे स्थान पर, 17 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य पदक के साथ मणिपुर चौथे स्थान पर रहा जबकि 16 स्वर्ण, 16 रजत और 13 कांस्य पदक के साथ केरल इस वर्ष खेलो इंडिया युवा खेलों अंकतालिका में पांचवे स्थान पर है।

**स्रोत: आकाशवाणी**